# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी०ए०/2665
दिनांक : 19.04.2020

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः— उच्च शिक्षा विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों में संचालित स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पाठ्यक्रमों में तथा अशासकीय अनानुदानित स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन एवं सेवा शर्तो के मानक आदि के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या—226/सत्तर—2—2020—18(31)/2018 दिनांक 13 मार्च, 2020 एवं शिक्षा निदेशक, (उ०शि०) उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पत्र संख्या—शि०नि०(उ०शि०)/मेमौ/2020—21 दिनांक 13.04.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें उनके द्वारा राजाज्ञा संख्या— 226/सत्तर—2—2020—18(31)/2018 द्वारा मा० उच्च न्यायालय के आदेशों के समादर में प्रदेश में संचालित अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों में संचालित स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पाठ्यक्रमों में तथा अशासकीय अनानुदानित स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं छात्रों से सम्बन्धित सूचनायें उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः उपरोक्त शासन के पत्र के आलोक एवं मा० कुलपति जी के आदेशानुसार आप अपने महाविद्यालयों में संचालित स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पाठ्यक्रमों में तथा अशासकीय अनानुदानित स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं छात्रों का विवरण निम्न प्रारूप पर दिनांक 25.04.2020 तक प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिये गये लिंक **http://ccsuniversity.ac.in/ccsu/ccs_college_upload/index.php** पर सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह विवरण प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए पृथक सारणी में होना आवश्यक है।

| क्रमांक | महाविद्यालय/संस्थान का नाम | विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त पाठ्यक्रम का नाम | विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त पाठ्यक्रम की अवधि | पाठ्यक्रम सम्बद्धता का प्रकार एवं वर्ष अस्थायी/स्थायी | विश्वविद्यालय से अनुमोदित शिक्षकों का पाठ्यक्रमवार विवरण (नाम/अवधि अनुमोदन पत्र संख्या/आधार नं0) | पाठ्यक्रमवार छात्र/छात्राओं की संख्या (प्रथम वर्ष/ द्वितीय वर्ष/ तृतीय वर्ष/ चतुर्थ वर्ष/ पंचम वर्ष) वर्षवार—2017—18, 2018—19, 2019—20 | शिक्षकवार दिये जाने वाले वेतन का विवरण खाता नं0 / पैन नं0 सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

<u>नोटः— उपरोक्त सूचना निर्धारित प्रारूप पर वर्ष 2017—18, 2018—19 एवं 2019—20 अलग—अलग प्रेषित की जायेगी।</u>

19-04-2020
कुलसचिव

प्रतिलिपि :—

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ को सूचनार्थ।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. प्रभारी वेबसाइट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव